देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 13 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
यूक्रेन का इनकार



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 10 अप्रैल 2024



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 17.0°

73651.35

2 हम इस स्थिति के बीच में नहीं आएंगे
7 वही गाली देते हैं, परिवार को भी नहीं छोड़ते

# एक इंच जमीन नहीं ले सकता चीन

## असम की रैली में अमित शाह का विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर वार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो टूक कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता। उन्होंने दावा किया कि जनता कभी नहीं भूल सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1962 में चीन हमले के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश को श्बाय–बायश कह दिया था। अमित शाह ने कहा कि पहले असम की बांग्लादेश से लगती सीमा घुसपैठ के लिए खुली थी। तब केंद्र में मोदी सरकार और यहां हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार आई। अब हम कह सकते हैं कि घुसपैठ रूक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने राज्य के साथ अन्याय किया और बड़ी संख्या में युवा अलग–अलग हिंसक आंदोलनों और उग्रवादी घटनाओं में मारे गए।



असम के लखीमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर जमकर अटैक किए। उन्होंने कहा कि चीन की ओर से 1962 में किए गए हमले के दौरान तत्कालीन पीएम जवाहर लाल नेहरू ने कहा था 'बाय–बाय' असम और अरुणाचल प्रदेश। इन राज्यों की जनता कभी इसे भूल नहीं सकती। लेकिन अब, चीन हमारी जमीन पर एक इंच भी कब्जा नहीं कर सकता। यहां तक डोकलाम में भी हमने उन्हें पीछे धकेल दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम असम के 80 फीसदी इलाकों से हटा लिया गया है। पहले की सरकारों ने असम संधि ा की लेकिन शर्तों को लागू नहीं किया। हमने बोडो संधि पर हस्ताक्षर किए और दो साल के भीतर सभी शर्तें पूरी कर दी गईं। कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने दावा किया है कि उसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ का समर्थन किया गया है।

अमित शाह ने इस मौके पर कहा, 19 जून को आप सभी को यह तय करना होगा कि आप किसे संसद सदस्य के रूप में चाहते हैं, किस पार्टी को सत्तारूढ़ सरकार बनानी चाहिए और आपका प्रधानमंत्री कौन होगा।

### शाह का कांग्रेस और राहुल गांधी पर करारा वार

अमित शाह ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले, राहुल गांधी कह रहे थे कि हमें असम की संस्कृति को बचाने की जरूरत है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने असम के साथ क्या किया था। हजारों युवाओं को गुमराह किया गया और मार दिया गया। वहीं मोदी सरकार के 10 साल के शासन में कई शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान 9000 युवाओं ने आत्मसमर्पण किया।

### बीजेपी के समर्थन में वोटिंग की अपील

अमित शाह ने तुलना करते हुए कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने बाल विवाह रोका है। आज पूरे देश के साथ–साथ पूर्वोत्तर का विकास केंद्र में है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि क्षेत्र की सभी सीट पर वे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करें। आपके के पास दो विकल्प है या तो राहुल गांधी की 'इंडिया' गठबंधन के लिए वोटिंग करें या पीएम मोदी की नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी के लिए मतदान करें। केंद्रीय मंत्री ने जनता से आह्वान किया कि वे केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करें। पूर्वोत्तर राज्य में 26 अप्रैल और 7 मई को भी क्रमशः दूसरे और तीसरे चरण में मतदान होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पूरे देश में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार ने संभावित खतरों के मद्देनजर यह फैसला लिया है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के लिए मजबूत सुरक्षा की सिफारिश की थी।

### कोर्ट ने आप एमएलए अमानतुल्ला को भेजा समन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को जारी नोटिस में उपस्थित न होने पर समन जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 20 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने धारा 50, पीएमएलए व अन्य धाराओं के तहत दायर ईडी की हालिया शिकायत पर संज्ञान लिया।

# जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल

## दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं, याचिका खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट से राज्य के सीएम अरविंद केजरीवाल को तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उनकी गिरफ्तारी नियम के मुताबिक हुई है। जज ने कहा कि ये याचिका जमानत के लिए नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह याचिका याचिकाकर्ता को इस आधार पर छोड़े जाने के लिए है कि याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरुद्ध है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए केजरीवाल के खिलाफ ईडी के आरोपों को अदालत ने दोहराया। कोर्ट ने कहा की ईडी ने जो तथ्य कोर्ट के सामने रखे हैं उससे लगता है कि कथित घोटाले में सीएम की संलिप्तता भी लग रही है। जस्टिस शर्मा पहले अंग्रेजी और फिर हिंदी में अपना फैसला पढ़ा। अदालत ने कहा कि कानून पर किसी सरकार का और न ही किसी जांच एजेंसी का नियंत्रण होता है। इससे पहले याचिका में केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड को दी गई चुनौती के मामले में फैसला सुनाएगी, जिसमें मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी गई।

आप के राष्ट्रीय संयोजक ने अपनी गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाया था। केजरीवाल ने कोर्ट में दावा किया था कि बीजेपी उन्हें जेल में डालकर चुनाव को फिक्सड मैच की तरह खेलना चाहती है। ईडी ने आप नेता के आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई है।

### सीएम को हटाने की मांग वाली याचिका प्रचार पाने का तरीका: एचसी

आप के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट ने फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली याचिका प्रचार पाने के लिए दायर की गई थी और याचिकाकर्ता भारी जुर्माना लगाए जाने का हकदार है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कुमार की याचिका को एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन की कोर्ट के पास भेजते हुए ये टिप्पणियां की। जस्टिस प्रसाद ने कहा कि यह सिर्फ प्रचार के लिए है।

# इस साल मानसून दे सकता है राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में भीषण गर्मी की शुरुआत के बीच मानसून को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई हैं। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर ने इस साल भारत में जून से सितंबर तक सामान्य या औसत मानसून रहने की भविष्यवाणी की है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में पर्याप्त वर्षा होने की संभावना जताई है। जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल में जुलाई और अगस्त में बारिश की कमी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम एजेंसी ने भारत के दक्षिण, पश्चिम और उत्तर–पश्चिमी क्षेत्रों में अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है।

हालांकि असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में जून और जुलाई के दौरान सामान्य से कम बारिश की संभावना हैं। इसके बाद सामान्य बारिश के आसार हैं। इसी तरह जुलाई और अगस्त में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में कम बारिश संभव है।

### खुशखबरी

■किसानों के लिए खुशी लेकर आया ये पूर्वानुमान

### इन राज्यों में होगी झमाझम बारिश

निजी मौसम एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि राजस्थान, एमपी, यूपी, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, लक्षद्वीप में बहुत अच्छी बारिश का अनुमान है।

जबकि इस अवधि के बाद सामान्य बारिश का अनुमान है।

कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल अच्छी बारिश होने का अनुमान किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्योंकि पिछले साल अल–नीनो के चलते सामान्य से बहुत कम बारिश हुई थी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# इंडी गठबंधन को राममंदिर से नफरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पीलीभीत में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी पहली बार यहां पहुंचे। उन्होंने ड्रमंड इंटर कॉलेज में सभा को संबोधित करते हुए विपक्षी गठबंधन पर जमकर हमला बोला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने देशवासियों को नवरात्रि और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कहा कि आज से चौत्र नवरात्रि भी शुरू हो गई है। देशभर में शक्ति उपासना की धूम मची है। हर कोई भक्ति में डूबा हुआ है, शक्ति उपासना में जुटा हुआ है। कुछ ही दिन में बैसाखी भी आने वाली है, मैं आपको बैसाखी की भी शुभकामनाएं देता हूं।

### पीलीभीत से पीएम मोदी ने विपक्ष पर साधा निशाना

पीएम ने कहा कि सपा कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत की विरासत की परवाह नहीं है। 500 वर्ष के इंतजार के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना। पीलीभीत वालों ने विशाल बांसुरी ने अयोध्या को भेंट की। लेकिन इन इंडी गठबंधन को राम मंदिर के निर्माण से पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है।

## न्यूज डायरी



### रमजान में शहबाज शरीफ को सऊदी प्रिंस ने पकड़ाया झुनझुना,

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। पाकिस्तान की कंगाली के बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सऊदी अरब के दौरे पहुंचे हैं। रमजान के पवित्र महीने में सऊदी अरब पहुंचे शहबाज शरीफ ने प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ मुलाकात की। पाकिस्तान और सऊदी अरब ने एक संयुक्त बयान जारी किया है जिसमें 5 अरब डॉलर के निवेश के पहले पैकेज को देने में तेजी लाने पर सहमति जताई गई है। सऊदी अरब ने पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने का कोई ठोस वादा नहीं किया। इससे पहले सऊदी अरब ने वादा किया था कि वह पाकिस्तान की आर्थिक रूप से मदद करेगा। इमरान खान सरकार के सत्ता से बाहर जाने के बाद यह सऊदी प्रिंस और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के बीच पहली मुलाकात थी। सऊदी अरब ने अभी निवेश की कोई जानकारी नहीं दी है लेकिन पिछले साल पाकिस्तान के केयरटेकर पीएम अनवार उल हक काकर ने ऐलान किया था कि सऊदी सरकार 2 से 5 साल के अंदर 25 अरब डॉलर का निवेश विभिन्न सेक्टर में करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार निजीकरण की प्रक्रिया को फिर से शुरू करेगी। इस मुलाकात के दौरान सऊदी प्रिंस ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री बनने के लिए बधाई दी। काकर ने बताया था कि सऊदी अरब खनन, कृषि और सूचना तकनीक सेक्टर में निवेश करेगा।

### अमेरिका में लापता एक और भारतीय छात्र की मौत, क्लीवलैंड में मिला शव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में पिछले महीने से लापता 25 साल के एक भारतीय छात्र को अमेरिकी शहर क्लीवलैंड में मृत पाया गया है। यह घटना इस देश में भारतीय मूल के छात्रों की मौत की हाल में हुई कई घटनाओं के बीच सामने आयी है। यह किसी भारतीय छात्र की मौत का एक सप्ताह के भीतर दूसरा मामला है। हैदराबाद के नाचाराम का रहने वाला मोहम्मद अब्दुल अरफात पिछले साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने अमेरिका आया था। न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्यह जानकर दुख हुआ कि मोहम्मद अब्दुल अरफात, जिसके लिए खोज अभियान जारी था, उसका ओहायो के क्लीवलैंड में शव मिला। वाणिज्य दूतावास ने अरफात के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह छात्र की मौत की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में है। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि हम उसका शव भारत ले जाने के लिए शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता मुहैया करा रहे हैं। वाणिज्य दूतावास ने पिछले महीने कहा था कि वह भारतीय छात्र का पता लगाने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने कहा था कि अरफात ने उनसे आखिरी बार सात मार्च को बात की थी और तब से वह अपने परिवार के संपर्क में नहीं हैं।

### 130 यात्री वाली नाव बीच समुद्र में पलटी, 97 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मापुटो ख्मोजाम्बिक,। दक्षिणपूर्वी अफ्रीका में स्थित देश मोजाम्बिक के उत्तरी तट से एक दर्दनाक खबर सामने आ रही है। रविवार देर रात मोजाम्बिक के तट पर एक ओवरलोडेड नाव के पलट जाने और डूबने से कम से कम 97 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह सभी उत्तरी लुंगा जिले से मोजाम्बिक द्वीप के नाम से जाने जाने वाले तट से दूर एक छोटे से द्वीप की यात्रा कर रहे थे। वीओए न्यूज ने रेडियो मोजाम्बिक का हवाला देते इसकी जानकारी दी। मोजाम्बिक के उत्तरी प्रांत नामपुला के प्रशासक सिल्विरो नौएतो ने कहा कि 130 यात्री कथित तौर पर हैजा फैलने की गलत सूचना के कारण भाग रहे थे। नौएतो ने कहा कि बचाव दल को 12 जीवित बचे लोग मिले हैं और अन्य की तलाश की जा रही है। खराब मौसम की वजह से बचाव कार्य ऑपरेशन और भी कठिन हो रहा है। नौएतो ने बताया कि 40 शवों को मोजाम्बिक ले जाया गया है और पीड़ितों को दफनाना शुरू कर दिया गया है। आपको बता दें कि जनवरी से, मोजाम्बिक अपने उत्तरी क्षेत्रों में घातक हैजा के प्रकोप को रोकने के लिए प्रयास कर रहा है।

# हम इस स्थिति के बीच में नहीं आएंगे

## भारत पर आरोप लगे हैं कि उसके एजेंट्स ने पाकिस्तान में आतंकियों को मारा

रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




इस्लामाबाद। पाकिस्तान का आरोप है कि भारतीय एजेंट्स ने उसके देश में दो नागरिकों की हत्या की है। इसे लेकर अब अमेरिका ने रिएक्शन दिया है। अमेरिका ने कहा है कि वह इस स्थिति के बीच में नहीं आएगा। इसके अलावा अमेरिका ने कहा कि दोनों पक्षों को तनाव बढ़ाने से बचना चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर की प्रतिक्रिया तब आई है, जब उनसे द गार्जियन की रिपोर्ट पर अमेरिका के रुख के बारे में पूछा गया। गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत ने पाकिस्तान की धरती पर आतंकियों को मारा है।

मैथ्यू मिलर ने कहा, हम इस मुद्दे से जुड़े मीडिया रिपोर्ट्स को फॉलो कर रहे हैं। इम आरोपों पर हमारी कोइ टिप्पणी नहीं है। लेकिन निश्चित तौर से हम इस स्थिति के बीच में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा, हम दोनों पक्षों को तनाव से बचने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। मिलर से राजनाथ सिंह की ओर से घर में घुसकर मारने वाले बयान पर सवाल पूछा गया था, जिस पर उन्होंने बातचीत के जरिए समाधान निकालने को कहा। भारतीय रक्षामंत्री ने कहा था कि अगर आतंकी भारत से भागकर पाकिस्तान में भी जाता है तो हम घर में घुसकर मारेंगे।

द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में भारत और पाकिस्तान के खुफिया कार्यकर्ताओं का हवाला देते हुए दावा किया था कि भारत का कदम विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकियों को खत्म करनेकी एक व्यापक रणनीति का हिस्सा था। रिपोर्ट में कनाडा में मारे गए आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया गया था। भारत ने इस रिपोर्ट को पूरी तरह खारिज कर दिया और इसे झूठा और दुर्भावनापूर्ण प्रचार बताया।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारत का रुख सख्त हो गया। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि भारत उन लोगों को निशाना बना रहा है, जिन्हें वह दुश्मन मानता है। रिपोर्ट के दावे के मुताबिक 2020 के बाद से भारत ने लगभग 20 हत्याओं को अंजाम दिया है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अगर कोई आतंकी पाकिस्तान में भागकर जाता है तो उसे घर में घुसकर मारा जाएगा। पाकिस्तान ने इस बयान की निंदा की थी।

### चीन की चिंताएं अमेरिका, जापान और फिलीपींस को लाई एक साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका, जापान और फिलीपींस के इतिहास के साथ उपनिवेशीकरण, रक्तपात जैसे कई मुद्दे साझा तौर पर जुड़े हुए हैं। इसी तरह से तीनों देशों के नेताओं की व्हाइट हाउस में होने जा रही बैठक में भी एक साझा मुद्दा होने जा रहा है। ये इन तीनों देशों की चीन के रवैये को लेकर चिंता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। इस बैठक पर टोक्यो की टेंपल यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर जेम्स डीजे का कहना है कि चीन के कथित खतरे ने वास्तव में तीनों को एक साथ ला दिया है। इसमें दूसरे मुद्दों के साथ ताइवान पर एक संभावित संघर्ष का अंदेशा भी है।

इस द्वीप को चीनी सरकार अपना हिस्सा कहती रही है और चीनी नेता शी जिनपिंग ने ताइवान को बीजिंग के नियंत्रण में लाने की कसम खाई है। उन्होंने ऐसा करने के लिए बल प्रयोग से इनकार नहीं किया है। अमेरिका की ओर से कहा गया है कि चीनी आक्रमण की स्थिति में इसकी रक्षा के लिए अमेरिकी सैन्य कर्मियों का उपयोग करेंगे।





### मारपीट का डीपफेक वीडियो देख बौखलाया गुलाम हैदर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान से अपने प्रेमी सचिन के लिए भागकर आने वाली सीमा हैदर का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में कथित तौर पर सीमा के साथ सचिन ने मारपीट की थी। वीडियो में सीमा जैसी दिखने वाली एक महिला है, जिसके चेहरे पर सूजन और होंठ पर चोट दिखाई दे रही है। हालांकि यह वीडियो फर्जी और डीपफेक बताया जा रहा है। सीमा ने खुद सामने आकर बताया कि यह वीडियो उनका नहीं है। लेकिन इसी वीडियो को देखकर पाकिस्तान का मीडिया और सीमा का शौहर गुलाम जहर उगल रहा है। गुलाम का मानना है कि वीडियो सही है और दबाव में सीमा पीछे हट रही हैं। गुलाम ने एक वीडियो में सचिन को धमकी देते हुए कहा, सचिन को कोई बचा नहीं सकता।

# अमेरिका के साथ खुलकर आया भारत, क्वॉड ने चीन पर कसा शिकंजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ अमेरिकी युद्धपोतों का अब आसानी से होगा मरम्मत

वॉशिंगटन। हिंद महासागर से लेकर प्रशांत महासागर तक आंखें दिखा रहे चीन पर नकेल कसने के लिए भारत और अमेरिका ने हाथ मिला लिया है। भारत ने अमेरिकी युद्धपोतों की मरम्मत के लिए अपने दूसरे शिपयार्ड द कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड को खोल दिया है। इससे अब अमेरिकी युद्धपोतों का रिपेयर और मरम्मत आसानी से हो सकेगा। द कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड ने ही भारत के दूसरे स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर को तैयार किया है। इस सुविधा के मिल जाने के बाद अब अमेरिकी युद्धपोत हिंद प्रशांत क्षेत्र में आसानी से गश्त लगा सकेंगे जहां चीनी नौसेना लगातार ताइवान, जापान और फिलीपीन्स को धमकाने में जुटी हुई है।

साल 2023 में अमेरिकी नौसेना ने लार्सन एंड टूब्रो के साथ चेन्नै में युद्धपोतों के मरम्मत के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। इसके बाद से ही भारतीय शिपयार्ड ने अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों की मरम्मत की है। इस ताजा समझौते के बाद अमेरिकी युद्धपोतों का भारत के दोनों ही तटों पूर्वी और पश्चिमी में अब आसानी से रिपेयर किया जा सकेगा। 6 अप्रैल को कोचिन शिपयार्ड ने अमेरिका के साथ समझौते का ऐलान किया। अमेरिका ने कोचिन शिपयार्ड की जांच की और सर्वे के बाद ही इस समझौते को मंजूरी दी है। यही पर ही भारत के एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रमादित्य का रिपेयर किया गया था।

भारत के कई और शिपयार्ड भी हैं जो अभी आने वाले समय में अमेरिकी युद्धपोतों को रिपेयर करने की क्षमता रखते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को भी एविएशन के हब के रूप में विकसित किया जा सकता है जो मलक्का स्ट्रेट के बिल्कुल पास में है। मलक्का स्ट्रेट के जरिए ही दक्षिण चीन सागर में घुसा जा सकता है।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हुए दो बम धमाकें


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। ईद से पहले एक बार फिर पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग–अलग बम विस्फोटों में एक पुलिसकर्मी समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं इस हादसे में 20 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पहली घटना में, प्रांत के क्वेटा जिले के कुचलक इलाके में एक मस्जिद में हुए विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, मस्जिद में जब विस्फोट हुआ तब लोग मगरिब की नमाज अदा कर रहे थे। एक अन्य घटना में, खुजदार शहर में उमर फारूक चौक के पास एक बाजार में बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। वहीं, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोट उस समय हुआ जब ईद की खरीदारी के लिए बाजार में महिलाओं और बच्चों सहित भीड़ थी।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 83 दिव्यांग और 237 वरिष्ठ मतदाताओं ने किया मतदान

**होम वोटिंग**

## 3 दिव्यांग और 22 वरिष्ठ मतदाता आज करेंगे मतदान

**संवाददाता**

चमोली। चमोली जनपद में सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से होम वोटिंग के साथ मतदान को शुभारंभ किया गया। इस दौरान जनपद में 83 दिव्यांग और 237 वरिष्ठ मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 3 दिव्यांग और 22 वरिष्ठ मतदाताओं के मतदान के लिए 10 अप्रैल को पुनः होम वोटिंग प्रक्रिया को संचालित करवाया जाएगा।

चमोली की की तीनों विधानसभा में 86 दिव्यांग और 259 वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल 345 मतदाता होम वोटिंग से आज मतदान करेंगे। जिसमें बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र में 111, थराली विधानसभा में 116 और कर्णप्रयाग विधानसभा में 118 मतदाता शामिल है। होम वोटिंग के लिए बद्रीनाथ विधानसभा में 19, थराली विधानसभा के लिए 14 तथा कर्णप्रयाग विधानसभा के लिए 22 सहित कुल 55 पोलिंग पार्टियां घर–घर भेजी गई। जिनके माध्यम से सोमवार को 86 दिव्यांग मे से 83 और 259 वरिष्ठ नागरिकों में से 237 ने आज मतदान किया। जबकि 3 दिव्यांग और 22 वरिष्ठ मतदाताओं के मतदान के लिए 10 अप्रैल को पुनः होम वोटिंग प्रक्रिया को संचालित करवाया जाएगा।



दूरस्थ गांव कलगोठ में 85 वर्ष से अधिक दो बुजुर्ग महिला मतदाता बालखी देवी और विमला देवी ने होम वोटिंग के तहत आज पोस्टल बैलेट से अपने घर पर ही मतदान किया। कलगोठ में तीन मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था, लेकिन एक मतदाता इन्द्रा देवी घर से अनुपस्थित मिली।



जिनके मतदान के लिये 10 अप्रैल को पुनः पोलिंग पार्टी गावं पहुंचेगी।

इस मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एसपी मैठाणी, प्रथम मतदान अधिकारी रंजीत सिंह रावत, द्वितीय मतदान अधिकारी विवेकानंद किमोठी, माइक्रो आब्जर्वर उपेंद्र सिंह और बीएलओ रामेश्वरी रावत आदि मौजूद थे।

चिपको आन्दोलन के प्रणेता और महात्मा गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित पर्यावरणविद् चंडी प्रसाद भट्ट ने भी सोमवार को चुनाव आयोग की ओर से संचालित होम वोटिंग सुविधा का प्रयोग कर होम वोटिंग से मतदान किया। उन्होंने 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार के प्रयोग का आह्वान भी किया।

## न्यूज डायरी :

### सोशल मीडिया पर चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

**संवाददाता** चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सोशल मीडिया पर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ ही स्वीप टीम की ओर से दूरस्थ क्षेत्रों में भी जागरुकता कार्यक्र आयोजित किए गए। अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना के साथ ही अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, पुलिस अधिक्षक सर्वेश पंवार, जिला आइकॉन ऑलम्पियन मनीष रावत, अंतराष्ट्रीय वाक रेसार मानसी नेगी, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, पद्मश्री बसंती बिष्ट, कर्नल डीएस बर्त्वाल, अदित्य नेगी सहित जिला स्तरीय सभी अधिकारियों ने जागरुकता संदेश सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित कर मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील की।

### एनएसई का आईएफसी और जलवायु बांड पहल के साथ सहयोग

**संवाददाता** देहरादून। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने भारतीय उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई अपनी उद्घाटन कार्यशालाओं को पूरा किया है। ये महत्वपूर्ण कार्यक्रम अलग–अलग स्थानों पर दो दिनों में आयोजित किए गए। पहला 3 अप्रैल, 2024 को मुंबई में और दूसरा 5 अप्रैल, 2024 को नई दिल्ली में किया गया। डीप डाइव इन ग्रीन, सोशल एंड सस्टेनेबिलिटी (जीएसएस) बॉन्ड्स इश्यूएंस प्रोसेस शीर्षक वाली ये दिनभर चलने वाली कार्यशालाएं आईएफसी रेजियो तकनीकी सहायता सुविधा के तहत एचएसबीसी और द किंगडम ऑफ द नीदरलैंड्स द्वारा प्रायोजित आईएफसी, सीबीआई के साथ एक संयुक्त प्रयास था।

### वीएलएल ने श्रेष्ठा फिनवेस्ट लिमिटेड को वारंट के एवज में आवंटित किए इक्विटी शेयर

**संवाददाता** देहरादून। विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) (बीएसईः 542655, एनएसईः विकासलाइफ) ने 05 अप्रैल, 2024 को आयोजित अपनी बोर्ड मीटिंग में, कंपनी ने श्रेष्ठा फिनवेस्ट लिमिटेड को वारंटों के रूपांतरण के एवज में इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने 5,20,00,000 वारंट कन्वर्ट किए और उतनी ही संख्या में इक्विटी शेयर आवंटित किए। हाल ही में, विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने घोषणा की कि कंपनी ने बेंचमार्क न्यूज लैब प्राइवेट लिमिटेड में अच्छी खासी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। कंपनी ने लोकप्रिय समाचार चैनल भारत एक्सप्रेस न्यूज में 7.5 प्रतिशत इक्विटी हासिल करने के लिए 15 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# दिशा–निर्देशों का ठीक ढंग से अध्ययन कर लें सभी अधिकारी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपादन कराने के लिए प्रशिक्षण के अंतिम दिन मंगलवार को 246 अधिकारी एवं कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार की देखरेख में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपादित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार की देखरेख में अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में 246 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारियों एवं सेक्टर अधिकारियों को द्वितीय चरण के अंतिम प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। जिसमें मॉडल महिला बूथ, यूनिक बूथ, दिव्यांग बूथ, यूनिक व यूथ बूथ के कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

आयोजित प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने में भी सभी अधिकारी एवं कार्मिक संवेदनशीलता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित करना सुनिश्चित करें तथा उन्हें जो प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है उसको गहनता से प्राप्त कर लें तथा सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का भी ठीक ढंग से अध्ययन कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए माकपोल का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा सभी अभिकर्ताओं के समक्ष माकपोल की प्रक्रिया संपन्न कराई जाए।



### घर–घर जाकर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं से कराया गया मतदान

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में ऐसे मतदाता जो दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं जो मतदान के दिन अपने पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंच सकते ऐसे मतदाताओं को आज दूसरे दिन दोनों विधान सभाओं में पोलिंग पार्टियों द्वारा घर–घर जाकर 74 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सभी मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से ऐसे दिव्यांग मतदाता एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाता जो निर्वाचन के दिन अपने पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंच सकते, ऐसे मतदाताओं को आज दूसरे दिन जनपद की दोनों विधान सभाओं में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 74 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर–घर जाकर पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान कराया गया।

# सामान्य प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर चल रहे कमिशनिंग कार्य का लिया जायजा

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा 02 संसदीय क्षेत्र गढ़वाल हेतु नियुक्त किए सामान्य प्रेक्षक पीयूष समारिया ने आज अगस्त्यमुनि क्रीड़ा हॉल में बनाए गए स्ट्रांग रूम का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर दोनों विधान सभाओं में 07–केदारनाथ एवं 08–रुद्रप्रयाग हेतु निर्वाचन प्रक्रिया में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के चल रहे कमिशनिंग कार्य का जायजा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने स्ट्रांग रूम में बनाए गए सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों में चल रहे कमिशनिंग कार्यों का बड़ी सावधानी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कमिशनिंग का कार्य बड़ी सावधानी पूर्वक तथा अपनी देखरेख में कराएं।



इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने सामान्य प्रेक्षक को दोनों विधान सभाओं के लिए लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सफल संपादन हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी 07–केदारनाथ अनिल कुमार शुक्ला, 08–रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, नोडल अधिकारी ईवीएम मीनल गुलाटी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### पवित्र वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ 'भारतीय नववर्ष 2081' का शुभारम्भ

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक सद्गुरुदेव आशुतोष महाराज जी की अनुकम्पा व आशीर्वाद से आज भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् 2081 का भव्य कार्यक्रम संस्थान द्वारा जे.पी. प्लाजा, निकट कारगी चौक, देहरादून में असंख्य भक्त–श्रद्धालुगणों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 09:00 बजे मंचासीन संस्थान के वेद पाठियों द्वारा वेद मंत्रों के दिव्य उच्चारण के साथ 'रुद्रिपाठ' कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उल्लेखनीय है कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान वर्ष भर भारतीय पर्वों–त्यौहारों के साथ–साथ भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् को भी विश्व भर में व्याप्त अपनी समस्त दिव्य शाखाओं में धूमधाम से विशाल स्तर पर मनाता है। गुरुदेव आशुतोष महाराज जी के दिव्य वचनामृत के अनुसार भारतवर्ष विश्व का 'हृदय' है तथा जब–जब भी मानवता क्षीण हुई है तब–तब भारत ने ही अपने सनातन पावन "ब्रह्मज्ञान" के द्वारा उसे 'अनुप्राणित' किया है।

*जिंदगी में हम कितने सही और कितने गलत है, ये सिर्फ दो ही शख्स जानते है। –अज्ञात*



विचार-प्रवाह देहरादून, बुधवार, 10 अप्रैल 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# यूक्रेन का इनकार

**ऐसे में पूतिन का उसकी ओर उंगली उठाना हैरान नहीं करता। लेकिन यूक्रेन ने दो टूक कहा कि इस हमले से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वह तो अपनी संप्रभुता बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। वह रूसी कब्जे से अपने इलाकों को आजाद कराना चाहता है और उसकी अदावत रूस के नागरिकों से नहीं है।**

गुलशन राय खत्री।।

रूस में मॉस्को के बाहरी इलाके के एक कॉन्सर्ट हॉल पर हुआ आतंकवादी हमला बेहद शर्मनाक है। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली है, जबकि रूस ने इस मामले में यूक्रेन पर उंगली उठाई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने दावा किया है कि इस हमले के संदेह में 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें चार बंदूकधारी भी शामिल हैं, जिन्होंने कॉन्सर्ट हॉल पर गोलीबारी की थी। पूतिन ने यह भी कहा कि हमलावर यूक्रेन भागने की फिराक में थे, लेकिन उन्हें बॉर्डर के पास गिरफ्तार कर लिया गया। रूस की खुफिया एजेंसी ध्ैठ ने भी दावा किया है कि हमलावरों के संपर्क यूक्रेन में कुछ लोगों से थे। लेकिन पूतिन या वहां की एजेंसियों ने हमले में सीधे-सीधे यूक्रेन का हाथ होने की बात अभी तक नहीं कही है।



25 महीनों से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। ऐसे में पूतिन का उसकी ओर उंगली उठाना हैरान नहीं करता। लेकिन यूक्रेन ने दो टूक कहा कि इस हमले से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वह तो अपनी संप्रभुता बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। वह रूसी कब्जे से अपने इलाकों को आजाद कराना चाहता है और उसकी अदावत रूस के नागरिकों से नहीं है।

यूक्रेन को डर है कि इस घटना के बहाने पूतिन फौज में नई भर्तियां करने की कोशिश करेंगे और उसके खिलाफ युद्ध तेज करेंगे। वह शुक्रवार रात के इस आतंकवादी हमले से पहले ऐसी आशंका जाहिर कर चुका था। वैसे, यूक्रेन शायद ही ऐसी गलती करे। उसकी वजह यह है कि अगर उसके आतंकवादी हमले में शामिल होने की बात सच हुई तो उसे पश्चिमी देशों का सहयोग मिलना बंद हो जाएगा। ऐसा होने पर यूक्रेन की हार तय है और वह इस बात को बखूबी समझता है।

यह भी सच है कि दो साल से यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध के कारण रूस के कई दुश्मन पैदा हो गए हैं। इनमें जंग के मैदान से लौटने वाले रूसी राष्ट्रवादियों का समूह भी है। वहीं, पहले चेचन्या और दागेस्तान में फौज की कार्रवाई के कारण भी रूस आतंकवादी संगठनों के निशाने पर रहा है। लेकिन 2015 में सीरिया में इस्लामिक स्टेट और वहां के शासक बशर अल असद के बीच चल रही जंग में रूस ने असद का साथ दिया था। इसलिए फिलहाल इस्लामिक स्टेट वाला एंगल ही सही लग रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि किसी भी तरह का आतंकवाद निंदनीय है। और रूस को पूरा अधिकार है कि वह इसके दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दिलवाए। लेकिन अगर वह इस घटना का इस्तेमाल बिना साक्ष्य के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को तेज करने के लिए करता है तो वह सही नहीं होगा। इसके बजाय उसे यूक्रेन के साथ युद्ध रोकने और शांति स्थापित करने पर गौर करना चाहिए।

## कत्यूरी घाटी

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** घुमावदार रास्तों पर चलते हुए कई बार लगता है कि बस, अब आगे नहीं जा सकते। सामने एक पहाड़ रास्ता रोके खड़ा है, लेकिन जब आगे बढ़ते हैं तो वह सामने से हटता दिखता है, एक नया रास्ता दिखाते हुए। हिमालय की दुनिया, जो रहस्य, रोमांच, मिथक और किस्सों से भरी पड़ी है। इसी दुनिया का हिस्सा है कत्यूरी घाटी। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में पड़ती है यह जगह। कभी यह इलाका कत्यूरी राजवंश की राजधानी हुआ करता था। तब इसका नाम था कार्तिकेयपुरम। कत्यूरी राजाओं ने घाटी के पास ही गोमती नदी के किनारे एक शहर बसाया, बैजनाथ। शिव, गणेश, पार्वती, कुबेर, सूर्य और ब्रह्मा के मंदिर हैं यहां। कत्यूरी वंश की शुरुआत को लेकर एक असमंजस है। कुछ जानकारी बताती है कि इनकी जड़ें कभी हिमालय पर राज करने वाले कुणिन्द राजवंश से निकलीं, जबकि एक जानकारी इन्हें शकों से जोड़ती है।

## संपादकीय

### लोकतंत्र पर संकट

राजतंत्र की वापसी के लिए प्रयासरत शक्तियों को इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमले का एक हथियार मिल गया है। नवंबर-दिसंबर 2023 में राजधानी काठमांडू समेत नेपाल के कई शहरों में राजतंत्र और हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए छोटे-बड़े प्रदर्शन हुए थे। ध्यान रहे, 2008 में नेपाल से राजतंत्र के खात्मे और गणतंत्र की घोषणा के बाद से लोकतंत्र के प्रति अरुचि जताने वाले कई आयोजन हुए हैं, लेकिन पहला ही मौका था जब देश में नीचे तक फैले कर्ज संकट से इसे जोड़ दिए जाने के चलते आम जनता में इसे मजाक का विषय नहीं समझा गया। नेपाली राजनीति में कुछ समय से जारी हलचलें लोकतंत्र पर मंडरा रहे बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है। लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवाद करते रहते हैं। लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है।

# प्रचंड की चुनौती

पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' की सत्ता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं लगता, लेकिन गद्दी पर उनका वक्त अच्छा गुजरने के भी कोई आसार नहीं हैं। यह दूसरा मौका है, जब उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के सहयोग से सरकार बनाई है।

चंद्रभूषण।।

नेपाली राजनीति में एक अर्से से तीसरे नंबर की ताकत होने के बावजूद सवा साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' की सत्ता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं लगता, लेकिन गद्दी पर उनका वक्त अच्छा गुजरने के भी कोई आसार नहीं हैं। नवंबर 2022 में हुए आम चुनाव के बाद से यह दूसरा मौका है, जब उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के सहयोग से सरकार बनाई है। इसके पहले बतौर प्रधानमंत्री अपने इस कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने इसी गठबंधन के साथ की थी, लेकिन वह सरकार कुल तीन महीने ही चली। फिर साल भर प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार चलाई और अभी कड़वाहट के साथ दोनों अलग हुए।

एनसीपी के सारे नेता अभी जिम्मेदारी वाले बयान दे रहे हैं, लेकिन बतौर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पिछला कार्यकाल न केवल नेपाली लोकतंत्र बल्कि भारत के लिए भी किसी दुःस्वप्न जैसा ही था। अभी उनकी नरमी शायद नेपाली राजनीति में अपना अलगाव घटाने के लिए है, लेकिन कुछ भूमिका इसमें चीनी दबाव की भी हो सकती है। जो भी हो, 'प्रचंड' के लिए आगे चुनौती भारत के सामने यह साबित करने की होगी कि अपने देश में वे चीन की छत्रछाया वाली गठबंधन सरकार नहीं चला रहे हैं।



ज्यादा बड़ी बात यह है कि नई सरकार बनने के तीसरे-चौथे दिन ही मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के दोनों मुख्य दलों नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) और एनसीप के दो बड़े नेता लगभग एक क्विंटल सोने की स्मगलिंग में देश की मुख्य खुफिया संस्था ब्ठ द्वारा धर लिए गए। ब्ठ के पास इस बात का सबूत है कि ब्छ (माओवादी) के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा और उनके बेटे राहुल ने स्मगलरों के एक चीनी गैंग से फोन पर 256 बार बात की थी। इस पार्टी के युवा नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दीपेश पुन इस मामले में पहले से ही अंदर हैं, जबकि नेपाल के पूर्व पुलिस प्रमुख और न्डर- नेता सर्बेंद्र खनाल का नंबर महरा के साथ आया है। याद रहे, दिसंबर 2022 में, 'प्रचंड' की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से निकाल ली गई, जो थोड़ी देर बाद पकड़ी गई। फिर मामले को दबाने और जांच के नाम पर लीपापोती करने की खबरें बाहर आने लगीं और यूएमएल का जैसे ही माओवादियों से गठबंधन टूटा, उसने संसद में इसको बड़ा मुद्दा बना दिया। बवाल बढ़ने पर नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में चल रही 'प्रचंड' सरकार ने मामले की जांच पूर्व चीफ जस्टिस दिली राज आचार्य के नेतृत्व में गठित आयोग को सौंपी, जिसने न केवल कई हाई प्रोफाइल लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की अनुशंसा की, बल्कि यह भी कहा कि सरकार की ओर से दोषियों को बचाने के प्रयास किए गए हैं।

राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी पहली बार अपने चौदह सांसद चुनवाने में सफल रही है। इससे भी बड़ी बात यह कि नेपाल में लोकतंत्र की प्रतीक समझी जाने वाली नेपाली कांग्रेस के आयोजनों में भी 'हिंदू राष्ट्र' का आकर्षण दिखने लगा है।

### अष्टयोग-5050

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5049 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### कांग्रेसी दबाव

**मोहन।** कहा जा रहा है कि चीनी दूतावास ने अगर न्डर- का रवैया बदलने को लेकर अतिरिक्त सक्रियता न दिखाई होती तो 'प्रचंड' को नेपाली कांग्रेस का दबाव काफी लंबे समय तक बर्दाश्त करते रहने में भी कोई समस्या नहीं होती। लेकिन यूएमएल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जब यह कहा कि उनकी पार्टी सरकार में ज्यादा महत्वपूर्ण विभागों की मांग किए बगैर पूरे कार्यकाल के लिए 'प्रचंड' को समर्थन देने को तैयार है, तब उनकी ओर से यह बयान आया कि कांग्रेसी दबाव के चलते ही बतौर प्रधानमंत्री वे अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। 'प्रचंड' की खासियत है कि किसी पार्टी के साथ गठबंधन से बाहर आते समय वे आगे के लिए गुंजाइश बचाकर रखते हैं। लेकिन इस बार नेपाली कांग्रेस और खासकर उसके शीर्ष नेता शेर बहादुर देउबा के लिए उन्होंने 'भ्रष्ट' और 'दक्षिणपंथी' जैसे शब्द बोले। इसका कोई तात्कालिक कारण भी नहीं था। सरकार में शामिल नेपाली कांग्रेस के मंत्री चीन के साथ नेपाल के कूटनीतिक संबंधों को सहज नहीं होने देते थे और अमेरिकी सहायता से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता दिखाते थे। लेकिन वे सत्तापक्ष के ज्यादा बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते थे तो यह उनका हक था।






## एडवांस बुकिंग में दोनों फिल्मों की हवा टाइट, रिलीज डेट भी बदली

ईद के मौके पर इस बार सलमान खान की कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। लिहाजा, बॉक्स ऑफिस की सारी आशाएं अजय देवगन की मैदानश और अक्षय कुमार–टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियांश से जुड़ी हुई हैं। दोनों ही फिल्मों की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, लेकिन शुरुआती आंकड़े देख यही लगता है कि दोनों ही फिल्मों की हवा टाइट है। इतना ही नहीं, लगता है कि एडवांस बुकिंग के निराश करने वाले आंकड़ों को देखकर ही दोनों फिल्मों के मेकर्स ने रिलीज डेट भी बदल दी है। अब ये फिल्में 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होंगी! बड़े मियां छोटे मियां और मैदान ये दोनों ही फिल्में अब 11 अप्रैल को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। जबकि 10 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद पेड प्रीमियर शोज रखे जाएंगे। मेकर्स ने मल्टीप्लेक्स मालिकों को इस बाबत सूचना दे दी है, जिसके बाद 10 अप्रैल को सुबह के शोज कैंसिल कर दिए गए हैं। समझा जा रहा है कि ऐसा इसलिए किया गया है कि 10 अप्रैल कामकाजी दिन है। ऐसे में ओपनिंग डे पर फिल्मों को छुट्टी का फायदा नहीं मिलेगा। जबकि ईद की छुट्टी है, यानी पहले दिन अच्छी कमाई के आसार बढ़ जाते हैं।

## अक्षय कुमार की प्रभास और मोहनलाल की फिल्म कन्नप्पा में हुई एंट्री!

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म बड़े मियां और छोटे मियां को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। ये फिल्म 10 अप्रैल 2024 को थिएटर्स में रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अक्षय का तेलुगू डेब्यू। वो भी प्रभास और मोहनलाल जैसे साउथ के धुरंधरों के साथ। फिल्म का नाम है कन्नप्पा। आइये जानते हैं सारी डिटेल्स। साउथ की एंट्री को लेकर ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने ट्वीट किया है। उन्होंने ट्विटर (अब एक्स) पर लिखा कि बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार पैन–इंडिया बिग बजट मूवी की कास्ट को ज्वॉइन करेंगे। वो प्रभास और मोहनलाल के साथ काम करेंगे। अक्षय कुमार की इस फिल्म से तेलुगु इंडस्ट्री में कदम रख रहे हैं। इससे पहले उन्होंने बाइलिंगुअल मूवी अशांतश में काम किया था, जो साल 1993 में रिलीज हुई थी। यही फिल्म कन्नड़ भाषा में Vishnu Vijaya' नाम से भी रिलीज हुई। वो तमिल सिनेमा में भी काम कर चुके हैं।

## टाइगर श्रॉफ का एक्स गर्लफ्रेंड से हुआ पैचअप?



टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज की तैयारी में हैं। उनकी फिल्म अब 10 अप्रैल की बजाय 11 अप्रैल को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, वहीं अब एक इंटरव्यू में एक्टर ने अपनी लव–लाइफ को लेकर इशारों में बात की है। उनकी बातों से ऐसा लग रहा है कि एक्स–गर्लफ्रेंड दिशा पाटनी के साथ उनका पैचअप हो गया है! वैसे, पिछले दिनों होली के मौके पर भी दिशा और टाइगर और अक्षय कुमार के साथ रंग–गुलाल उड़ाते हुए देखा गया था। टाइगर श्रॉफ ने दिशा पटानी के साथ पैच–अप की अफवाहों पर बात की है। उनसे पूछा गया कि क्या वह सिंगल हैं? आपकी जिंदगी किस दिशा में जा रही है? इस पर एक्टर ने बड़े मजेदार अंदाज में वर्ड प्ले करते हुए कहा, श्मेरी एक ही दिशा है जिंदगी में। हालांकि, इसके अगले ही पहल हंसते हुए उन्होंने बात को मोड़ भी दिया। टाइगर ने कहा, श्हां, और वो है मेरा काम। सर, क्या मैंने आपको वही सोचने पर मजबूर कर दिया ना...और इसके बाद वह हंस पड़े। वैसे, वर्ड प्ले का यह खेल नया नहीं है। इससे पहले बड़े मियां छोटे मियांश के ट्रेलर लॉन्च पर भी दिशा पाटनी के नाम के इर्द–गिर्द ऐसा ही शब्दों का खेल देखने को मिला था।

# निया शर्मा को इस हाल में देख फैंस की सिट्टी–पिट्टी गुम

*आपको श्एक हजारों में मेरी बहना हैश सीरियल याद है। इसमें निया शर्मा ने मानवी नाम की शरारती लड़की का किरदार निभाया था। उनका किरदार भले ही चुलबुला था, लेकिन चेहरे पर भोलेपन और मासूमियत को फैंस ने बहुत पसंद किया था। इस शो के बाद निया श्जमाई राजाश और नागिन 4 सहित कई सीरियल्स में नजर आईं और धीरे–धीरे उनकी शक्ल और सूरत भी बदलती चली गई। अरे ना ना, वो अभी भी उतनी ही सुंदर और ग्लैमरस हैं, लेकिन कुछ यूजर्स ने दावा किया है कि अब उनकी चाल–ढाल बदल चुकी है। कभी फैशन आइकॉन का दर्जा पाने वाली निया अब अपने ही फैंस को नाराज कर रही हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि ये वीडियो और उस पर आए पोस्ट यही बयां कर रहे हैं।*

**नया वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया**

निया शर्मा ने शिवानी पटेल के साथ डांस करते हुए एक नया वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने सेक्सी लेडी सॉन्ग पर क्या शानदार डांस मूव्स किए हैं, लेकिन यूजर्स का ज्यादा ध्यान उनके कपड़ों पर गया है। खासतौर से उनकी लूज लोवर पर, जो इतना सरका हुआ है कि उनकी अंडरगारमेंट दिख रही है। बस यही बात उनके फैंस को खटक रही है।

**निया शर्मा ने कई टीवी शोज में काम किया है**




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



निया शर्मा का डांस तो फैंस को पसंद आ रहा है, लेकिन उन्होंने जो अजब–गजब कपड़े पहने है, वो देखकर लोग हक्का–बक्का रह गए और अब उन्हीं के पोस्ट पर कॉमेंट कर रहे हैं। निया के एक फैन उनसे नाराज हो गए हैं। उन्होंने लिखा, बिल्कुल ही इज्जत खत्म कर रही है खुद की। एक और यूजर ने कॉमेंट किया, दीदी का लोवर नीचे आ गया। दूसरे यूजर लिखते हैं, निया कभी फैशन आइकॉन हुआ करती थीं, लेकिन उनका फैशन धुंधला पड़ गया और अब वो कपड़े उतारने में दिलचस्पी ले रही हैं। कुछ लोग तो निया से इतने नाराज हैं कि उन्हें अनफॉलो करने की बात भी कह रहे हैं।

**निया शर्मा के पिछले शोज**

वर्कफ्रंट की बात करें तो निया को पिछली बार साल 2022 में टीवी पर देखा गया था। वो डांस रिएलिटी शो झलक दिखला जा के 10वें सीजन में दूसरे कंटेस्टेंट्स को टक्करव देती नजर आई थीं। लेकिन अफसोस वो इस शो को जीत नहीं पाईं। इसके अलावा 2023 में तेरे इश्क में घायल सीरियल में स्पेशल अपीयरेंस था। वो दो वेब सीरीज में काम कर चुकी हैं, एक श्ट्विस्टेडश और दूसरी जमाई 2.0। इसके अलावा 2023 में यो यो हनी सिंह के म्यूजिक वीडियो सोल में नजर आई थीं।

# शादी में घुटन होने लगे तो चुप मत बैठो!: किरण राव



*साल 2021 में आमिर खान और किरण राव ने अपनी 15 साल की शादी तोड़ दी। दोनों अलग हो गए। इस खबर ने फैंस को चौंका दिया, उनका दिल तोड़ दिया। सेपरेट होने के बावजूद इनके रिश्ते में सम्मान बना रहा। दोनों बेटे आजाद की मिलकर परवरिश करते हैं, एक–दूसरे का साथ देते हैं, परिवार में भी तीज–त्योहार होने पर इकट्ठा होते हैं।*

किरण ने अपनी फिल्म से लेकर रिश्तों के बारे में खुलकर बात की। मैरिज और सेपरेशन पर भी। उन्होंने कहा, श्आमिर और मैं शादी से पहले करीब एक साल तक साथ रहे और ईमानदारी से कहूं तो हमने ऐसा अपने पैरेंट्स की वजह से किया। उस समय भी हम जानते थे कि अगर आप इस संस्थान (शादी) में एक इंडिविजुअल के साथ–साथ कपल के रूप में भी काम कर सकते हैं तो ये ग्रेट इंस्टीट्यूशन है।

**शादी औरतों को दबा देती है?**

50 साल की किरण राव ने ये भी जिक्र किया कि कैसे एक शादी किसी व्यक्ति पर निगेटिव प्रभाव डाल सकती है, जहां इंसान फंसा हुआ महसूस कर सकता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम इस चीज पर खुलकर बात नहीं करते हैं कि कैसे शादी आपको दबा देती है, खासतौर से औरतों को। तो आप कैसे जान सकते हैं कि खुद को बेहतर बनाने के लिए एक रास्ता खोज सकते हैं। मुझे लगता है कि इस पर बहस और चर्चा होनी चाहिए।

**मैं स्वतंत्र रूप से जीना चाहती थी, ग्रो करना चाहती थी**

अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए किरण ने बताया कि उन्होंने इस कैसे डील किया! वो कहती हैं, श्मेरा बहुत अच्छा समय लिया, इसलिए मुझे इसके बारे में कोई चिंता नहीं हुई। बात ये है कि आमिर और मैं बहुत मजबूत थे और दो इंसानों के रूप में हमारे बीच मजबूत रिश्ता बना हुआ है। हम एक–दूसरे से बहुत जुड़े हुए हैं। हम एक–दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं और एक–दूसरे से प्यार करते हैं। इसलिए ये नहीं बदला है और इसलिए मुझे टेंशन नहीं हुई।

**इसलिए आमिर से लिया तलाक**

किरण का कहना है कि वो आजाद होकर जीना चाहती थीं। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि मुझे अपनी जगह चाहिए। मैं स्वतंत्र रूप से जीना चाहती थी और मुझे खुद को ग्रो करने के लिए इसकी जरूरत थी।

# आम बीमारियों की एक दवा है ये किचन में रखी ये जड़ी बूटी



*अजवाइन का इस्तेमाल भारतीय रसोई में हजारों सालों से किया जा रहा है। यह केवल स्वाद ही नहीं देता है बल्कि इसके कई स्वास्थ्य संबंधित फायदे भी हैं। इस औषधि का बोटैनिकल नाम ट्रेकिस्पर्मम अम्मी है। इसका उपयोग पेट दर्द, गैस, कब्ज और पेट के कई रोगों में आराम भी देता है।*

पेट सहित की कई स्वास्थ्य समस्याओं में अजवाइन का सेवन काफी फायदेमंद माना जाता है। इतना ही नहीं यह वेटलॉस में भी काफी मददगार हैं। इसके इस्तेमाल से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार किया जा सकता है। जिन लोगों कब्ज की काफी पुरानी शिकायत है, उसमें भी यह एक चमत्कारी दवा का काम करता है। यह केवल पेट की समस्याओं में ही नहीं बल्कि गठिया रोग, सर्दी–जुकाम और सिर के दर्द में भी काफी राहत देता है।

**हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है**

अजवाइन में पोटैशियम, फोलिक एसिड और फाइबर की मात्रा पाई जाती है, जो हार्ट हेल्थ को सुधारने के साथ ह्रदय संबंधित समस्याओं को भी कम करती हैं। फोलिक एसिड विटामिन बी का एक प्रकार है, जो ह्रदय रोग के जोखिम को कम करता है, साथ ही कोलेस्टेरॉल को कम करने में भी सहायक है।

**पाचन को सुधारता है**

अजवाइन में पाचन को सुधारने को सुधारने वाले गुण होते हैं। इसमें हाई एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर की मात्रा पाई जाती है, जो पाचन को आसान बनाते हैं। यह अपच, गैस और एसिडिटी जैसी पेट संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद करती है।

**श्वसन संबंधी समस्याओं में मददगार हैं**

अजवाइन के तेल में मौजूद एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो श्वसन संबंधी समस्याओं के उपचार में मददगार हो सकते हैं। यह तेल सिर दर्द और गठिया रोग के कारण होने वाले दर्द में भी काफी आराम देता है।

**सर्दी जुकाम के लक्षणों को कम करता है**

अजवाइन का उपयोग सर्दी जुकाम के लक्षणों को कम करता है। इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल गुण सर्दी और खांसी को ठीक करने में मदद कर सकते हैं। सर्दी–जुकाम के उपचार में अजवाइन को अनेक रूपों में सेवन किया जा सकता है, जैसे की चाय, काढ़ा या अजवाइन की पोटली से सिकाई कर के। अजवाइन का पानी कफ की समस्या को भी दूर करता है।




## दिल की बीमारी से बचाती हैं ये चीजें, हार्ट अटैक की नहीं आने देंगी नौबत

हम जो भी खाते हैं, हमारा शरीर हमें वैसा ही परिणाम देता है। हेल्दी डाइट के कई शारीरिक और मानसिक लाभ हैं। आज के समय में बड़ों से लेकर बच्चे तक, कई लोग हार्ट प्रॉब्लम के शिकार हो रहे हैं, इसकी एक वजह हमारी खराब डाइट है। हार्ट डिजीज, उन कंडिशंस को कहा जाता है, जिनका हमारे दिल पर असर होता है। एक हेल्दी डाइट हार्ट डिजीज के जोखिम को कम करती है। यही नहीं, इससे वजन का बढ़ना, डायबिटीज व हाई ब्लड प्रेशर का रिस्क कम होता है। इस आर्टिकल के माध्यम से आइए जानते हैं हार्ट हेल्थ के लिए बेस्ट डाइट क्या है। सब्जियों और फलों में कई तरह के जरूरी विटामिन और मिनरल पाए जाते हैं। यह चीजें लो कैलोरी होने के साथ इनमें डाइटरी फाइबर अधिक होता है। फल और सब्जियों में कुछ ऐसे सब्सटांस भी होते हैं, जो कार्डियोवेस्कुलर डिजीज से बचने में मदद कर सकते हैं। साबुत अनाज फाइबर और जरूरी पोषक तत्वों का अच्छा सोर्स होता है, जो ब्लड प्रेशर को रेगुलेट करने और हार्ट हेल्थ को अच्छा बनाए रखने में मदद करता है। अपने दिल को हेल्दी बनाए रखने के लिए आप साबुत अनाज का अधिक सेवन करें और रिफाइंड अनाज से दूर रहें। अलसी के बीज में ओमेगा–3 फैटी एसिड्स, जैसे कि आला लिनोलेनिक एसिड पाए जाते हैं। यह ह्रदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है और अलसी में मौजूद सॉल्यूबल और इंसॉल्यूबल फाइबर वजन को कंट्रोल करने के साथ और ह्रदय स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने में मदद करते हैं।

# दांतों को दूध सा सफेद बना देंगे ये 6 तरीके

*आजकल दांतों को चमकाने के कई तरीके ऑनलाइन देखने को मिलते हैं। ऑयल पुलिंग से लेकर चारकोल रगड़ने या हल्दी से मंजन करने तक विभिन्न उपायों के बारे में दावा किया जाता है कि इनसे दांतों को आसानी से चमकाया जा जा सकता है।*

*इसमें कोई शक नहीं है कि चमकते दांत न केवल आपकी खूबसूरती को बढ़ाते हैं बल्कि ओरल हेल्थ को भी बढ़ावा देते हैं। दांतों में पीलापन आपके द्वारा सेवन किये गए खाद्य और पेय पदार्थों से आता है। जब ओरल हाइजीन का ध्यान नहीं रखा जाता तो दांतों पर प्लैक और टार्टर जमा हो जाता है।*



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**दांतों को सफेद करने के उपाय?**

वैसे तो आप इस काम के लिए डेंटिस्ट के पास जाकर कई हजार रुपये खर्च कर सकते हैं लेकिन अगर आप नेचुरली दांतों को चमकाना चाहते हैं, तो आपको अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन दवार बताए उपायों पर काम करना चाहिए।

**क्या खट्टे फल दांतों को सफेद कर सकते हैं?**

कुछ लोगों का मानना है कि नींबू, संतरा, एप्पल साइडर विनेगर (जो प्राकृतिक रूप से अम्लीय होते हैं), अनानास या आम (जिनमें पाचन एंजाइम होते हैं) और बेकिंग सोडा (जो घर्षण करने वाला पदार्थ है)



जैसी चीजों का इस्तेमाल करके दांतों को सफेद और चमकदार बनाया जा सकता है। एसिड दांतों की ऊपरी परत (एनामेल) को कमजोर कर देता है। इनेमल दांतों की बाहरी सुरक्षा कवच है जो दांतों को कैविटी और सेंसिटिविटी से बचाता है।

**चारकोल रगड़ने से सफेद होंगे दांत?**

इन तरीकों का दावा है कि सक्रिय चारकोल या बेकिंग सोडा–हाइड्रोजन पेरोक्साइड पेस्ट जैसी सामग्री से अपने दांतों को रगड़ने से आपकी मुस्कान में चमक वापस आ जाएगी। ऐसा कोई सबूत नहीं है जो दर्शाता हो कि चारकोल वाले दंत उत्पाद आपके दांतों के लिए सुरक्षित या प्रभावी हैं।

**हल्दी का पानी करेगा दांतों की सफाई?**

अपने मुँह में नारियल तेल जैसे तेलों को घुमाना (तेल खींचना) या हल्दी जैसे मसालों का उपयोग करना आपके दांतों को सफेद करने में मदद कर सकता है। इस बात का कोई विश्वसनीय वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि ऑयल पुलिंग या हल्दी से दांत सफेद होते हैं। इसके बजाय स्वस्थ भोजन के लिए तेल और मसालों को बचाकर रखें।

**दांतों को चमकाने के तरीके**

- ■अपने दांतों को दिन में दो बार दो मिनट तक ब्रश करें।
- ■एडीए सील ऑफ एक्सेप्टेंस के साथ व्हाइटनिंग टूथपेस्ट का उपयोग करें।
- ■दिन में एक बार अपने दांतों के बीच सफाई करें।
- ■कॉफी, चाय और रेड वाइन जैसे उन खाद्य पदार्थों को सीमित करें जो आपके दांतों को दागदार बनाते हैं।
- ■धूम्रपान या तम्बाकू का सेवन न करें।
- ■जांच और सफाई के लिए अपने दंत चिकित्सक के पास नियमित रूप से जाएं।

## गंदगी से सिकुड़ रहे फेफड़ों में जान भरेंगे रामदेव के नुस्खे

फेफड़े और श्वसन तंत्र हवा में मौजूद ऑक्सीजन को शरीर के अंदर ले जाने और शरीर को सांस के साथ छोड़ी गई हवा में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड से छुटकारा पाने में मदद करते हैं। फेफड़ों में किसी भी तरह की गड़बड़ आपके लिए मौत की वजह बन सकती है। अगर आपको कम सांस आती है, खांसी रहती है, वजन कम है, छाती में इन्फेक्शन है, ज्यादा कफ आता है, खांसी में खून आता है और सीने में दर्द रहता है, तो यह लक्षण हैं कि आपके फेफड़े कमजोर हो गए हैं और कभी भी किसी डैमेज हो सकते हैं। लंग फाउंडेशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, फेफड़ों की बीमारी के लक्षण धीरे–धीरे सामने आते हैं और बहुत हल्के भी हो सकते हैं। लोग अक्सर इनके लक्षणों को उम्र बढ़ने या फिटनेस की कमी का संकेत समझ लेते हैं। स्वस्थ और बेहतर जीवन के लिए फेफड़ों को साफ और मजबूत बनाना जरूरी है। योग गुरु स्वामी बाबा रामदेव आपको कुछ ऐसे आयुर्वेदिक तरीके बता रहे हैं, जो फेफड़ों को मजबूत रखने में सहायक हैं।

## डायबिटीज में मीठे का मन नहीं मारना, खा सकते हैं ये मिठाई



आज के समय में बेवक्त खाना आम बात हो गई है। आयुर्वेद द्विकाल भोजनम की सलाह देता है– प्री–डायबिटीज के दौरान दिन में दो से तीन मील। मील के बीच में छाछ या नारियल पानी जैसे हल्के ऑप्शन ले सकते हैं। बार–बार खाने से इंसुलिन का अत्यधिक उत्पादन होता है, जिससे इंसुलिन रेजिस्टेंस होता है। इसमें शरीर इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता। इसके अलावा बेवक्त खान–पान मधुमेह मेलिटस के विकास में योगदान देता है। श्री श्री वेल बीइंग में चीफ ट्रेनर व श्री श्री कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस एंड रिसर्च में चीफ कंसल्टेंट और आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. निशा मणिकांतन डायबिटीज मैनेज करना चाहते हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि कब और कितना खाना है। पूरे दिन में बराबर अंतराल पर बंटी दो या अधिकतम तीन मील लें। इन मील्स में स्नैक्स को शामिल कर सकते हैं। लेकिन कुल संख्या दो से तीन बार से अधिक न हो। डॉक्टर प्री डायबिटिक या डायबिटीज में इसी पैटर्न का सुझाव देती हैं। आयुर्वेद दिन में खाने और रात में उपवास रखने की सलाह देता है। इसलिए दिन में किसी भी समय (12 घंटे) को खाने के लिए चुन सकते हैं। उदाहरण के लिए– सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक या सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक या सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक।



## दर्शकों के साथ भी किया एक मजेदार प्रैंक

एमएस धोनी ने इसी मुकाबले में दर्शकों के साथ भी एक मजेदार प्रैंक किया। सीएसके के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने खुलासा किया कि एमएस धोनी और रवींद्र जडेजा ने मिलकर प्लान बनाया था कि पूर्व कप्तान के बैटिंग पर जाने से पहले ऑलराउंडर तैयार होकर पवेलियन से निकलेगा और फिर लौट आएगा। जब रवींद्र जडेजा पवेलियन से बाहर निकले तो दर्शक हैरान रह गए। फिर वो पलटकर दोबारा ड्रेसिंग रूम के अंदर चले गए और एमएस धोनी बैटिंग करने आए।

# धोनी की बैटिंग के समय दर्शकों की आवाज से गूंजा स्टेडियम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई अपना बेटा मानता है। एमएस धोनी को चेन्नई सुपरकिंग्स के फैंस भगवान की तरह मानते हैं। थाला, महेंद्र बाहुबली धोनी और तरह-तरह के नामों से मशहूर एमएस धोनी की एक झलक पाने के लिए फैंस में बेताबी देखते बनती है। एमएस धोनी जब स्टेडियम में आते हैं तो दर्शकों की आवाजों से स्टेडियम गूंज उठता है।

ऐसा ही नजारा चेन्नई सुपरकिंग्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच मुकाबले में देखने को मिला। एमएस धोनी जब बैटिंग करने आए तो एमए चिदंबरम स्टेडियम में दर्शकों की आवाज का शोर देखते ही बनता था। कोलकाता नाइटराइडर्स के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल उस समय बाउंड्री पर खड़े थे। वो दर्शकों की आवाज सुनकर हैरान हो गए और इतने शोर के कारण अपने कान बंद कर लिए। आंद्रे रसेल के कान बंद करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस मुकाबले में एमएस धोनी ने रुतुराज गायकवाड़ को मैच विजयी रन बनाने दिया, जिसने फैंस का दिल जीता। चेन्नई सुपरकिंग्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स को आईपीएल 2024 के 22वें मैच में 14 गेंदें शेष रहते 7 विकेट से मात दी। यह सीएसके की टूर्नामेंट में तीसरी जीत रही।

# मौका दो... कोहराम मचा देंगे ये दो युवराज

**क्रिकेट**

## टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम इंडिया का होना है ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सत्र में अपने बल्ले के भौकाल से विपक्षी टीम की नींद उड़ाने वाले शिवम दुबे और ताबड़तोड़ छक्कों के लिए मशहूर रिंकू सिंह के लिए एक बड़ी खबर है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शिवम दुबे और रिंकू सिंह को अंतिम एकादश में शामिल करने की वकालत की।

दुबे इस आईपीएल सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने 160 से अधिक के स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों में दुबे का योगदान अमूल्य साबित हो सकता है। उनके साथ ही बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू ने अमेरिका और कैरेबियाई देशों में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल होने के लिए मजबूत दावा पेश किया है।



प्रसाद ने 'एक्स' पर लिखा, 'स्पिनरों के खिलाफ बड़े शॉट खेलने की क्षमता के कारण शिवम दुबे, सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज होने के कारण सूर्या (कुमार यादव) और अपनी असाधारण फिनिशिंग क्षमता के लिए रिंकू सिंह।' उन्होंने कहा, 'यह बहुत अच्छा होगा अगर भारत टी20 विश्व कप में इन तीनों को अंतिम एकादश में शामिल करने का कोई रास्ता ढूंढ ले।'

उन्होंने आगे कहा- टीम में विराट (कोहली) और रोहित (शर्मा) की मौजूदगी के कारण इन पांचों के बाद सिर्फ एक विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए जगह बचेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह कैसे होता है। प्रसाद की इन बातों का मतलब यह होगा कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के लिए अंतिम एकादश का हिस्सा बनना काफी मुश्किल होगा।

# पीसीबी गजब है... पाकिस्तान ने क्रिकेटरों को बनाया मजदूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड वो सबकुछ करता है, जो शायद ही कोई प्रोफेशनल करने की सलाह दे। टीम के पास कल तक हेड कोच नहीं था और इसका असर यह देखने को मिला कि बोर्ड ने क्रिकेटरों को क्रिकेट फील्ड से उठाकर पहाड़ी पर पत्थर ढोने को मजबूर कर दिया। फिटनेस के नाम पर क्रिकेटर्स पहाड़ी पर कूदते-उछलते नजर आए और पत्थर ढोए। रोचक बात यह है कि पाकिस्तानी क्रिकेटर इसे बड़ी शिद्दत से किया भी।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष के रूप में मोहसिन नकवी की नियुक्ति के साथ यह एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है। 29 पाकिस्तानी क्रिकेटर टी20 विश्व कप 2024 से पहले एबटाबाद में आर्मी स्कूल ऑफ फिजिकल ट्रेनिंग में सैन्य कर्मियों की सीधी निगरानी में थे। इस दौरान प्रोफेशनल ट्रेनिंग छोड़ सबकुछ किया। पत्थर ढोए, शूटिंग की। दो सप्ताह का शिविर 25 मार्च को शुरू हुआ और 8 अप्रैल को खत्म हुआ।

- सैन्य कर्मियों की सीधी निगरानी में थे पाकिस्तानी खिलाड़ी

नए पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी चाहते थे कि खिलाड़ी अपने फिटनेस स्तर को प्राथमिकता दें। इस बीच ऑलराउंडर इफ्तिखार अहमद ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्हें और उनके साथियों को पहाड़ी इलाके में भारी चट्टानें उठाते हुए देखा जा सकता है। नसीम शाह, मोहम्मद रिजवान और खुद अहमद को सशस्त्र बलों की निगरानी में उन रॉक-कैरिंग ड्रिल को करते हुए देखा जा सकता है।

खिलाड़ियों को पाकिस्तान के विकेटकीपर आजम खान की सराहना करते हुए भी देखा जा सकता है, जो प्रशिक्षण अभ्यास को पूरा करने वाले अंतिम व्यक्ति थे। ऐसा लग रहा था कि क्रिकेटर टीम भावना को बढ़ाने के लिए इन अभ्यासों से कुछ मजा ले रहे थे। इससे पहले 2023 विश्व कप के बाद सभी प्रारूपों से कप्तान के रूप में बाबर आजम के पद छोड़ने के बाद व्20 ने शाहीन अफरीदी को ज20 इंटरनेशनल टीम का कप्तान नियुक्त किया। उन्होंने जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों में पाकिस्तान का नेतृत्व किया लेकिन 4-1 से हार गए।

## टीम से पिच को समझने में गलती हो गई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने माना है कि चेन्नई के खिलाफ खेले गए आईपीएल 2024 मैच में उनकी टीम से पिच को समझने में गलती हो गई। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में सीएसके ने केकेआर को 7 विकेट से हराया। इस हार के साथ ही कोलकाता के अजेय क्रम भी खत्म हो गया है। पहले खेलने उतरे केकेआर ने पावरप्ले में तेज शुरुआत की और 56 रन ठोक दिए। इसके बाद उनकी रफ्तार धीमी हो गई। 20 ओवर में टीम 9 विकेट पर सिर्फ 137 रन ही बना सकी। सीएसके ने अपनी पारी में 14 गेंद बाकी रहते ही आसानी से जीत हासिल कर ली। वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने जब पिच देखी तो उन्हें सपाट लगी थी। वरुण ने कहा, श्जब मैंने पिच देखी तो मुझे लगा कि यह सपाट है, लेकिन जिस तरह से पिच ने व्यवहार किया वह बिल्कुल अलग था। ऐसा किसी भी मैदान पर हो सकता है। 160-170 का स्कोर लड़ने लायक होता।

## न्यूज डायरी



## वही गाली देते हैं, परिवार को भी नहीं छोड़तेः दिनेश कार्तिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। धाकड़ विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने अपने करियर में छह आईपीएल फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन उनका मानना है कि रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु का फैनबेस बेजोड़ है। हालांकि, इसका एक बुरा पक्ष भी है। कार्तिक ने रविचंद्रन अश्विन के साथ बातचीत के दौरान खुलासा किया। दिनेश कार्तिक ने बताया- जब प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं होता है तो फैंस उस खिलाड़ी को गाली देने से नहीं चूकते, जिसे उन्होंने पहले सपोर्ट किया था। कार्तिक ने अश्विन से कहा- आरसीबी के प्रशंसक वफादार हैं। वे परिवार की तरह हैं। यह अच्छा भी है और बुरा भी। अच्छी बात यह है कि जब आप जाते हैं, चाहे कुछ भी हो जाए, अगर मैं अंदर जाता हूं, तो वे मेरे नाम का जयकारा लगाएंगे और मुझे ऐसा महसूस कराएंगे जैसे मैं पृथ्वी पर सबसे महान खिलाड़ी हूं। मेरा मतलब यह है कि बाहरी दुनिया के लिए वे आपका साथ कभी नहीं छोड़ेंगे। अगर किसी टीम और उनके बीच लड़ाई होती है तो फैंस उस पर टूट पड़ते हैं। कार्तिक ने हालांकि साथ ही कहा कि फैंस केवल खिलाड़ी को गाली देने तक नहीं रुकते परिवार को भी इसमें घसीट लेते हैं। कार्तिक ने कहा- व्यक्तिगत स्तर पर, वही प्रशंसक मुझे हर दिन डीएम (सोशल मीडिया पर मेसेज से) में चुपचाप गाली देगा अगर मैं आरसीबी के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं करता हूं तो वह मुझ पर कड़ा प्रहार करेगा।

## जडेजा ने रोहित की बराबरी और विराट के क्लब में मारी एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेपॉक में सीएसके के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने घातक गेंदबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के बैटिंग ऑर्डर को बुरी तरह धोया। सीएसके के ऑलराउंडर जडेजा ने सिर्फ शानदार गेंदबाजी ही नहीं, बल्कि बतौर फील्डर भी अपनी छाप छोड़ी। जडेजा ने अपने 4 ओवर के कोटे में 3 विकेट झटके और इस दौरान उन्होंने आईपीएल में एक ऐसा मुकाम हासिल किया, जो आजतक कोई भी नहीं कर सका। दरअसल, चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार ऑलराउंडर ने आईपीएल में 100 कैच पूरे किए। ऐसा करने वाले वह पांचवें फील्डर बने। रविंद्र जडेजा ने इस दौरान रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इसके अलावा उन्होंने आईपीएल में एक बड़ा कीर्तिमान हासिल किया। वह आईपीएल के इतिहास में 1000 प्लस रन, 100 विकेट और 100 कैच लेने वाले पहले प्लेयर बने। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा कैच लपकने के मामले में विराट कोहली का नाम टॉप पर हैं, जिन्होंने अब तक कुल 110 कैच पकड़े हैं। पूर्व दिग्गज बैटर सुरेश रैना ने 109 कैच लपके और वह दूसरे स्थान पर हैं। कीरोन पोलार्ड 103 और रोहित शर्मा के नाम 100 कैच दर्ज हैं।

## मैच के बाद गौतम गंभीर और एमएस धोनी ने एक-दूसरे को गले लगाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 2011 वर्ल्ड कप विजेता टीम के साथी एमएस धोनी और गौतम गंभीर ने सोमवार को आईपीएल 2024 के 22वें मैच के बाद एक-दूसरे को गले लगाया और इस पल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। चेन्नई सुपरकिंग्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम पर मुकाबला खेला गया। रुतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली सीएसके ने केकेआर को 14 गेंदें शेष रहते सात विकेट से मात दी। मैच के बाद गौतम गंभीर और एमएस धोनी ने हाथ मिलाया और एक-दूसरे से गले मिले। इस पल का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि कई मौकों पर गंभीर को कहते हुए सुना गया है कि एमएस धोनी को 2011 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के लिए अकेले श्रेय नहीं दे सकते हैं। गंभीर के बयान से कई बार हलचल मची है। हालांकि, गंभीर कई बार स्पष्ट भी कर चुके हैं कि वो एमएस धोनी की काफी इज्जत करते हैं। गंभीर का कहना है कि 2011 वर्ल्ड कप खिताब जीतने का श्रेय पूरी टीम को जाना चाहिए। कई बार उनके बयान को अलग-अलग तरह से लिया गया और इसलिए माना जाता है कि धोनी और गंभीर के बीच प्रतिद्वंद्विता है। हालांकि, सीएसके और केकेआर के बीच मैच के बाद इन दोनों के गले लगने से फैंस के बीच यह संदेह खत्म हो सकता है कि दोनों के बीच कुछ परेशानी है या दोनों के बीच रिश्तों में कोई दरार है।





# मतदान केंद्रों पर होंगे लू से बचाव के इंतजाम

■ मौसम खराब होने एवं लू से बचाव को लेकर सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश

■ गर्भवती महिलाओं के लिए डोली आदि की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश

**निर्देश**

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम ने मतदान के दिवस पर मतदान कार्मिकों एवं मतदाताओं को मौसम खराब होने एवं लू से बचाव को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मार्च से जून माह तक लू से बचाव हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं प्रथम चरण में हो रहे निर्वाचन को देखते हुए मैदानी जनपदों में लू से बचाव हेतु शहरी विकास विभाग एवं जल संस्थान सहित अन्य सभी विभाग आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। विशेषकर उत्तराखण्ड के तीन मैदानी जनपदों देहरादून, उधमसिंह नगर एवं हरिद्वार में लू से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने मतदान केंद्रों में शेड, पानी, कूलर, पंखों आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए एवं मौसम विभाग द्वारा जारी भविष्यवाणी के अनुसार पर्वतीय जनपदो में मतदान कार्मिकों को आवश्यक रूप से गर्म कपड़े साथ रखने एवं कार्मिकों के रूकने वाले स्थलों में बिस्तर आदि की व्यवस्था समुचित रूप से सुनिश्चित करा ली जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य महानिदेशक को गर्भवती महिलाओं के लिए डोली आदि की व्यवस्था कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग एवं सीईओ उत्तराखण्ड के सोशल मीडिया हैंडल को लगातार फॉलो करने की भी बात कही, ताकि मतदाता अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक हों।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे, अपर सचिव शहरी विकास नितिन भदौरिया, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल सहित मौसम विभाग, जल संस्थान, स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# मुठभेड़ में मारा गया बाबा तरसेम सिंह के हत्यारा

**मुठभेड़**

■ आठ गोली लगी, आईजी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

देहरादून। नानकमत्ता गुरुद्वारे के कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने वाले अमरजीत सिंह को उत्तराखंड एसटीएफ और हरिद्वार पुलिस ने थाना भगवानपुर क्षेत्र में मुठभेड़ में मार गिराया है। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश के बाद मंगलवार को आईजी गढ़वाल करण सिंह नगन्याल भगवानपुर क्षेत्र स्थित घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही अधीनस्थों से सोमवार की रात हुई मुठभेड़ के बारे में जानकारी ली। इसके बाद आईजी रुड़की सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और बदमाश शव को देखा।



आईजी करण सिंह नगन्याल ने बताया कि मुठभेड़ में मर गया बदमाश नानकमत्ता में बाबा तरसेम सिंह की हत्या में मुख्य आरोपी था। सोमवार की रात देहरादून एसटीएफ को सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो बदमाश भगवानपुर की ओर से यूपी की सीमा में जा रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची टीम को दोनों बदमाश वही मिले, जिन्होंने बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या की थी। इस पर एसटीएफ की टीम ने भगवानपुर पहुंचकर बाइक सवार बदमाशों की घेराबंदी की तो उन्होंने एसटीएफ की टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश अमरजीत उर्फ बिट्टू को गोली लग गई। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

एसटीएफ की टीम ने घायल बदमाश को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आईजी ने बताया कि जवाबी फायरिंग में बदमाश के शरीर पर आठ गोली लगी हैं। आईजी ने बताया कि फरार बदमाश की तलाश की जा रही है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर मांगे वोट

**संवाददाता** देहरादून। टिहरी लोकसभा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को गिनाते हुए उनके नाम पर खुद के लिए वोट मांगे। धनोल्टी विधानसभा के सुवाखोली, भवान, भांसवाड़ी, साबली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों और पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। माला राज्य लक्ष्मी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश चौमुखी विकास कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में सड़क के साथ ही मोबाइल नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### कांग्रेस के आते ही खत्म होगी अग्निवीर योजना

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के गढ़वाल लोकसभा प्रभारी एवं प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने राज्य की पांचों सीट पर जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लोगों को मोहभंग हो चुका है। उन्हें देश को बेरोजगारी, महंगाई और असुरक्षा के सिवाय कुछ नहीं दिया है। मंगलवार को प्रेस क्लब में वार्ता के दौरान विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश की हर सीट पर बेहतर स्थिति में है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में पार्टी के युवा, नारी, किसान, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय से संबंधित वायदों का जिक्र किया। बोले, अग्निवीर योजना से देश युवा पूरी तरह से आक्रोशित है।

### आटिज्म रोग के प्रति लोगों को किया जागरूक

**संवाददाता** देहरादून। हिमालयन अस्पताल और ग्राम्य विकास संस्थान की ओर से ऑटिज्म दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान चलाया गया। चिकित्सकों ने ऑटिज्म के लक्षण, बचाव व उपचार की जानकारी दी। अस्पताल में ऑटिज्म रोग से पीड़ित बच्चों के लिए पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। मंगलवार को जौलीग्रांट स्थित हिमालयन अस्पताल के बाल रोग विभाग की ओर से ऑटिज्म दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### स्टेलाटोस अब दून में भी

**संवाददाता** देहरादून। मशहूर फुटवियर ब्रांड स्टेलाटोस अब देहरादून में भी उपलब्ध है। मंगलवार को राजपुर रोड पर स्टेलाटोस शोरूम की शानदार ओपनिंग की गई।
इस मौके पर कंपनी सीईओ हरप्रीत सिंह ने बताया कि नई दिल्ली में शानदार सफलता के बाद, स्टेलाटोस को राजपुर रोड, देहरादून में एक शाखा शुरू करने में अत्यधिक खुशी हो रही है। भारतीय खुदरा बाजार में अग्रणी फुटवियर ब्रांडों में से एक के रूप में, यह हमारी वृद्धि में अगला कदम है।

### मलिन बस्तियों के नियमितिकरण का मुद्दा उठा

**संवाददाता** देहरादून। टिहरी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला के समर्थन में इंडिया गठबंधन ने मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। देहरादून कैंट में हुई बैठक का नेतृत्व सीपीएम के पदाधिकारियों ने किया और अध्यक्षता पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख अर्जुन रावत ने की। वक्ताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मलिन बस्तियों का नियमितीकरण अब तक नहीं हो पाया। वक्ताओं ने प्रदेश में फड़ ठेली लगाने वाले लोगों और मजदूरों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। उत्तराखंड के चिन्हित आन्दोलनकारियों का चिन्हिकरण न करने को लेकर रोष जताया। इस दौरान चुनाव संयोजक इन्दु नौडियाल, जिला सचिव व पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र पुरोहित, पार्टी दून सचिव अनन्त आकाश,जनवादी महिला समिति की जिला उपाध्यक्ष बिन्द्रा मिश्रा आदि ने विचार रखे।

### हत्यारों पर पुलिस कार्रवाई जीरो टॉलरेंस की नीति का नतीजा

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा ने बाबा तरसेम के हत्यारों पर हुई पुलिस कार्रवाई को अपराध के खिलाफ धामी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम बताया। भाजपा के चुनावी मीडिया सेंटर में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि जब नानकमत्ता के बाबा तरसेम की हत्या हुई तो मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश पुलिस को दिए। सीएम ने उसी समय स्पष्ट कर दिया था कि हत्यारों के साथ अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जोशी ने पुलिस की तत्परता और कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि बाबा के हत्यारों का पुलिस मुठभेड़ में मारा जाना बताता है कि अपराधियों का राज्य में बचना नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि इस घटना से साबित हो गया है कि राज्य में जब भी कोई कानून व्यवस्था को चुनौती देगा उस पर तत्काल कानून का शिकंजा कसना तय है।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।